हिन्दुस्तान

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-प्रधानमंत्री मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर में अभूतपूर्व प्रगति की है

यूपी डीप टेक में अग्रणी बनेगा: मुख्यमंत्री

नए कदम

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश डीप टेक, एआई व क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत और डीबीटी की सफलताओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजनरी नेतृत्व में भारत समग्र और तकनीक आधारित विकास की दिशा में अग्रसर है।

तकनीक के प्रभावी उपयोग से शासन की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री रविवार को लखनऊ में आईबीएम एआई गोव टेक इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा आईबीएम के बीच हुए एमओयू के लिए आईबीएम इंडिया के सीईओ डॉ. अरविंद कृष्ण और उनकी पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया। डॉ. अरविंद कृष्ण ने संबोधन में उत्तर प्रदेश और भारत भूमि के साथ अपने भावनात्मक संबंधों को भी इस मंच के माध्यम से हम सबके सामने प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्ष मुझे आईआईटी कानपुर में डीप टेक पर आधारित कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर से मेरी बात भी हुई। हम लोग मेडटेक पर मिलकर काम कर रहे हैं। यूपी के हालिया बजट में रोबोटिक्स में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए धनराशि की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में आईबीएम एआई गोव टेक इनोवेशन सेंटर का उद्घाटन किया।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक एआई का लाभ : मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक्नोलॉजी व एआई टूल्स का बेहतर उपयोग करते हुए एक आम नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है। 2017 के पहले 40 वर्षों तक उत्तर प्रदेश की जनता इंसेफेलाइटिस की बीमारी झेलती रही। अनुमान है कि इस बीमारी से 50,000 से ज्यादा बच्चों की मौत हुई। तब सरकार ने डाटा को कलेक्ट करने का प्रयास नहीं किया, उसका कोई एनालिसिस नहीं हुआ। मान लिया जाता था कि सामान्य बीमारी है लेकिन हमारी सरकार में सभी डाटा एकत्र हुए। उनका एनालिसिस किया गया। परिणाम सभी के सामने है।

मुख्यमंत्री ने दूसरा उदाहरण एजुकेशन में ड्रॉप आउट को लेकर दिया।

दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए

आईबीएम ने सरकार के साथ दो समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए, जिससे राज्य के विकास के दीर्घकालीन लक्ष्यों को एआई आधारित प्रशासन से जोड़ा जा सकेगा। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के साथ मिलकर यह सेंटर विभिन्न विभागों में एआई आधारित उपयोगों को विकसित करेगा और भिन्न-भिन्न विभागों में डिजिटल व एआई क्षमता को मजबूत करेगा। स्कूल शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों और शिक्षकों के लिए एआई साक्षरता कार्यक्रम शुरू होगा। इस मौके पर आईबीएम के चेयरमैन अरविंद कृष्णा तथा आईबीएम इंडिया एवं साउथ एशिया के प्रबंध निदेशक संदीप पटेल आदि उपस्थित रहे।

योगी सिंगापुर में उद्यमियों के साथ आज करेंगे बैठक

- मुख्यमंत्री व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी रवाना
- सिंगापुर में 23-24 को जापान में 25-26 को निवेश पर रहेगा जोर

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सोमवार को सिंगापुर में यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों व निवेशकों के साथ बैठकें करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व औद्योगिक विकास मंत्री के साथ वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल रविवार रात 10 बजे के करीब विशेष विमान से सिंगापुर रवाना हो गया।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टीम यूपी सिंगापुर में 23 व 24 फरवरी तथा जापान में 25 व 26 फरवरी को बैठकें करेगी। मुख्यमंत्री सिंगापुर के होटल शांगरी-ला में प्रवास करेंगे। इस दौरान वह मंत्री नन्दी के साथ सिंगापुर के एस्प्लेनेड पार्क में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस और उनकी सेना को समर्पित भारतीय राष्ट्रीय सेना (आईएनए) स्मारक में जाकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में लड़ने वाले सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री व मंत्री नन्दी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वांग से मुलाकात करेंगे। सिंगापुर प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश का मेगा रोड शो आयोजित होगा। इंडियन डायसपोरा से संवाद भी होगा।

इसके अलावा गूगल, एसटीटी ग्लोबल जैसे निवेशकों के साथ ही डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर, जायफा ग्रुप और ओलम इंटरनेशनल के साथ एग्रीबिजनेस, मैपलट्री और एआई सेट्स के साथ लाजिस्टिक नेटवर्क पर चर्चा होगी। निवेशकों से मुलाकात कर प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, नीति स्थिरता और कारोबारी संभावनाएं तालाशी जाएंगी। टीम यूपी सिंगापुर में लगभग 25 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगी। टीम यूपी 24 फरवरी को जापान के टोक्यो शहर के लिए रवाना होगी।